"वीरबालदिवस"

दिनांक28 दिसम्बर, 2022

<u>प्रतिवेदन</u>

गुरु गोविन्द सिंह जी के पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेहसिंह के सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान के सम्मान में "वीर बाल दिवस" पर शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में व्याख्यान का आयोजन -

भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 9 जनवरी, 2022 अनुसार ,भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए, दसवें सिख गुरु गोविन्दसिंह जी के छोटे पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के क्रमश: 9 और 6 साल की छोटी उम्र में सिख पंथ की गरिमा और सम्मान की रक्षा हेतु 26 दिसम्बर, 1705 को दिए गए उनके सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान के सम्मान में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस ' के रूप में मनाया जाए।

इस संबंध में उच्चशिक्षा, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में दिनांक 28 दिसंबर 2022 को महाविद्यालय के सभा कक्ष में डॉ .देवेंद्र सिंह बागरी (IQAC समन्वयक) की अध्यक्षता एवं डॉ. आकांक्षा राठौर (सहा. प्राध्यापक ,वाणिज्य) तथा डॉ. अमित भूषण द्विवेदी (विभागाध्यक्ष ,अर्थशास्त्र) के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं को श्री गुरू गोविन्दसिंह जी के पुत्रों द्वारा दिए गए बलिदान के संबंध में जानकारी देने हेतु व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । डॉ. बागरी के द्वारा अध्यक्षीय भाषण के पश्चात, इस कार्यक्रम में ज्ञानप्रकाश पांडेय (विभागाध्यक्ष,समाजशास्त्र) द्वारा साहिबजादा जोरावरसिंह और साहिबजादा फतेहसिंह के द्वारा दिए गए बलिदान से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। डॉ. आकांक्षा राठौर द्वारा छात्रों को वीर बाल दिवस के अवसर पर उक्त शहीदों से प्रेरणा पाकर अपने जीवन में दृढ़निश्चय और देश के लिए कुछ सार्थक कार्य करने हेतु संकल्पित होने का संदेश दिया गया ।इस कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गण प्रो. शाहबाज खान ,डॉ. तरन्नुम सरवत , प्रो. संगीता बासरानी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन प्रीति वैश्य,संयोजक सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया।

संयोजक
सांस्कृतिक समिति.

प्राचार्य
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर(म.प्र.)